**Regarding need to construct a railway overbridge at Maninagar Railway Crossing in Ahmedabad West Parliamentary Constituency, Gujarat- laid**

**श्री दिनेशभाई मकवाणा (अहमदाबाद पश्चिम) :** मेरे संसदीय क्षेत्र अहमदाबाद (पश्चिम) में मणिनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे क्रॉसिंग में ट्रैफिक की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है । खासकर मुंबई की ओर जाने वाली रेल लाइनों के कारण यहाँ काफी ट्रैफिक होता है । जब भी रेलवे क्रॉसिंग बंद होती है, तब वहाँ पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे न केवल यातायात की रुकावट होती है, बल्कि लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

यह समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है, और स्थानीय जनता की सुरक्षा और समय की बचत के लिए इस पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है । मेरा सुझाव है कि इस रेलवे क्रॉसिंग के पास एक ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए ताकि यातायात को सुचारू रूप से चलाया जा सके और लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े ।

मैं, माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार किया जाए और शीघ्र ही मणिनगर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं । यह न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा ।